

**श्री नरेंद्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**श्री हेमंत सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# "पक्का मकान मिलने से रौशन हुआ जीवन"



श्रीमती आरती दास गोस्वामी, पति-तुलसी दास गोस्वामी, ग्राम-टांगर टोली, बुण्डू नगर पंचायत क्षेत्र की वार्ड नं-9 की निवासी हैं। उनका पूर्व का मकान खपरैल लकड़ी का बना हुआ था, जो हर मौसम के अनुकूल नहीं था। उनके घर में परिवार के पाँच लोग एक साथ रहते हैं जिन्हें खासकर बारिश के मौसम में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस बीच आरती दास गोस्वामी को इस बात का पता चला कि शहरी क्षेत्र के गरीब लोगों के आवास निर्माण के लिए भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) क्रियान्वित की जा रही है। इसके उपरांत उन्होंने बुण्डू नगर पंचायत कार्यालय जाकर इस योजना की पूरी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्हें नगर पंचायत के कार्यालय कर्मियों द्वारा इस योजना का आवेदन फॉर्म दिया गया। उन्होंने जल्द ही यह फॉर्म भरकर कार्यालय में जमा कर दिया। कुछ दिनों बाद उन्हें कार्यालय बुलाकर बताया गया कि उनका नाम इस योजना के लाभुक के रूप में चयनित हो गया है। इसके उपरांत उन्हें भवन निर्माण हेतु कार्यालय से आदेश दिया गया, जिससे उन्हें काफी खुशी हुई। इसके साथ ही उन्होंने अपना आवास बनाना प्रारंभ कर दिया। इस मद में नगर पंचायत कार्यालय द्वारा उन्हें कुल चार किश्तों में 2,25,000 (दो लाख पच्चीस हजार) रुपये की राशि प्राप्त हो गई।

भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आरती दास गोस्वामी का पूरा परिवार सुकून के साथ अपने नए पक्का के मकान में रहना लगा। इसके लिए उनके परिवार के सभी सदस्यों ने केन्द्र व राज्य सरकार तथा बुण्डू नगर पंचायत कार्यालय के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कार्यपालक पदाधिकारी, अपने वार्ड पार्षद एवं संबंधित सभी कार्यालय कर्मियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

टॉल फ्री नं०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA